एपीजे कॉलेज में एफडीपी करवाई

टेक्निकल कैंपस में आयोजित एफडीपी में वक्ता का स्वागत करते प्रबंधक।

जालंधर | एपीजे इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड इंजीनियरिंग टेक्निकल कैंपस में एफडीपी का आयोजन किया गया। इसमें यूनिवर्सिटी ऑफ जार्टर एसटोनिया के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजेश शर्मा, इस्ट्रोनिकस सलूशन के सीईओ करण अरोड़ा, डॉक्टर संदीप रंजन और असिस्टेंट प्रोफेसर रंजीत सिंह रिसोर्स पर्सन रहे। डॉ. संदीप रंजन ने सोशल नेटवर्क प्लेटफॉर्म, ट्विटर, फेसबुक आदि का बिजनेस एप्लीकेशन डेवलप करने में सहायक होने की जानकारी दी।

डॉ. करण अरोड़ा ने ग्राहकों की ओर से पसंद किए जा रहे उत्पादों संबंधी तकनीकी जानकारी दी। डायरेक्टर डॉ. राजेश बग्गा ने कहा कि यह एफडीपी प्रतिभागियों के लिए अति लाभदायक होगी।